सार-समाचार

सौंपा ज्ञापन

सरवाड़, (निसं)। राजस्थान पटवार-कानूनगो संघ उपशाखा सरवाड़ ने लालसोट तहसील कार्यालय में तहसीलदार के साथ हुई मारपीट की घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए संघ ने उपखण्ड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है? इस दौरान ज्ञापन में बताया गया है 19 अगस्त 2025 को अधिवक्ताओं के एक उग्र समूह ने तहसील कार्यालय लालसोट (दौसा) में घुसकर तहसीलदार अमितेश मीणा एवं उनके स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट की इस दौरान कार्यालय में तोड़फोड़ की गई वहीं सरकारी दस्तावेज बिखेर दिए गए एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया संघ ने इस घटना को लोकतंत्र की प्रशासनिक रीढ़ पर हमला बताते हुए कहा कि ऐसे मामले लोक सेवकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं तहसीलदार न केवल राजस्व अधिकारी होते है बल्कि कार्यपालक मजिस्ट्रेट भी होते है जिन पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संवैधानिक दायित्व होता है ज्ञापन में मांग की गई कि इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए एफआईआर दर्ज करने में 7 घंटे की देरी के लिए जिम्मेदार थानाधिकारी को तत्काल निलंबित किया जाए एवं अन्य दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की जाए भविष्य में कार्यपालक मजिस्ट्रेट की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए एवं पुलिस का यह दायित्व तय हो कि वे तत्काल एफआईआर दर्ज करें वहीं संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इस गंभीर घटना पर त्वरित व कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो 22 अगस्त 2025 से राजस्थान पटवार-कानूनगो संघ के सभी सदस्य अपने-अपने जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर राजस्थान पटवार संघ उप शाखा अध्यक्ष सौरभ सैनी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जाट, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह राठौड़, संगठन मंत्री सांवरलाल रेगर, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार सामारिया, सियाराम मीणा, नरेन्द्र सिंह राठौड़, धर्मेन्द्र पहाड़ियां, जगदीश माली, रामप्रसाद मीणा, मनीष मीणा, गिरदावर व पटवारी मौजूद रहें।

विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी आज

मसूदा, (निसं)। मसूदा विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता ने जानकारी देते हुए कहा कि आज 22.अगस्त शुक्रवार को 33 / 11केवी सबस्टेशन मसूदा के आवश्यक रखरखाव के चलते निम्नांकित 11केवी फीडरो कि विद्युत आपूर्ति प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक बंद रहेगी जिससे 11 केवी फीडर सालरमाला, देवमाली, कुशलपुरा, पुरानी मगरा और खीमपुरा पीएचडी की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी एवं इन सभी फिडरो से चलने वाले गांवो की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

109 महिलाओं की हुई जांच

नसीराबाद, (निसं)। रोटरी क्लब नसीराबाद और प्रमेरिका लाइफ इंश्योरेंस के संयुक्त तत्वावधान में, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय नसीराबाद की मोबाइल कैंसर निदान यूनिट द्वारा आर्मी एरिया नसीराबाद में नि:शुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। क्लब प्रतिनिधि अमित तापड़िया ने बताया कि इस शिविर में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से युक्त मोबाइल वैन के जरिए महिलाओं की जांच की गई। कुल 109 महिलाओं की कैंसर से संबंधित रोगों की निशुल्क जांच कर परामर्श दिया गया। इस शिविर में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ ने सक्रिय सहयोग किया। डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह, डॉक्टर हंस चोपड़ा, डॉक्टर अभि गुप्ता, डॉक्टर निकिता शर्मा सहित नर्सिंग स्टाफ माधुरी शर्मा, जुलाना आयुष, अंजलि और शंकर उपस्थित रहे। प्रमेरिका लाइफ इंश्योरेंस के यूनिट हेड कमल शर्मा ने कहा कि कंपनी का ध्येय फौजियों के लिए, फौजियों द्वारा कार्य करना है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की शुभकामनाएं देते हुए इस शिविर को अत्यंत उपयोगी और जनहितकारी बताया।

कोहिनूर की ऑफिशियल मीटिंग आज

भीलवाड़ा। कोहिनूर सेवा समिति कोहिनूर ठाुप इन राजस्थान के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन स्थित सेठ गजाधर मानसिंह का धर्मशाला पर आधिकारिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि जगदीश मानसिंहका एवं अध्यक्षता दीनबंधु खत्री ने की। समिति के संयोजक कवि रामनिवास रोनीराज ने प्रखर समाज सेवक एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी छीतर मल गेंगट को शहर अध्यक्ष व महिला प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष मुमताज बानो को घोषित कर नवाजा गया एवं आशा जताई कि उनके कार्यकाल में समिति और अधिक ऊंचाई की ओर अठासर होगी। ऑफिशियल मीटिंग में समिति की गतिविधियों का आंकलन किया गया शिक्षा साहित्य कला व क्रीडा के क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का चयन कर सम्मानित किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ।समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान हेतु छीतर मल गेगट, सिकंदर पठान, सत्यनारायण जोशी, प्रकाश नकवाल, मुमताज बानो, राकेश गेंगट, खुशबू बैरागी, सपना सोलंकी, सुमन खोईवाल आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि पूर्व पार्षद सुरेश बंब, पुर्व पार्षद हनीफ छिपा व समाज सेवक सलाउद्दीन सलावट, रियाज पठान, राकेश साहू आदि मौजूद थे।

डीएस टी की गिरफ्त में हार्ड कोर वांछित 50 हजार की इनामी

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिले की डिस्ट टीम और हमीरगढ थाना पुलिस ने जोधपुर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए हार्डकोर 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि 10.10.2024 को एजीटीएफ जयपुर ने बताया की काले रंग की स्कोर्पियो गाडी में जिसमे अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा भरा हुआ है जो गाडी गाडरमाला गुरलां के रास्ते से होकर जायेगी इस सूचना पर थानाधिकारी कारोई द्वारा गाडरमाला से गुरलां रोड पर नाकाबन्दी प्रारम्भ की गयी। इसी दौराने एक स्कोर्पियो आती हुयी नजर आयी जिस वाहन में दो व्यक्ति बैठे हुये नजर आये जिस पर स्कोर्पियों को पुलिस जाब्ते ने रुकने का ईशारा किया।

अटल आवासीय योजना की लॉटरी ने सैकड़ों परिवारों के चेहरों पर लाई मुस्कान

अजमेर (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी अटल आवासीय योजना के तहत भूखंडों के आवंटन के लिए आज एक लॉटरी निकाली गई, जिसने सैकड़ों आवेदकों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ा दी। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में आवेदकों का भारी उत्साह देखने को मिला।

यह लॉटरी प्रक्रिया एडीए अध्यक्ष लोक बंधु, आयुक्त नित्या के और सचिव अनिल कुमार पूनिया की उपस्थिति में संपन्न हुई। अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता के साथ भूखंडों का आवंटन किया गया। लॉटरी की सूची एडीए परिसर में सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

गुरूवार को हर कोई अपने भाग्य को जानने का उत्सुकता से इंतजार कर रहा था। जैसे ही अधिकारियों ने लॉटरी के लिए कंप्यूटर पर बटन दबाया और परिणामों की घोषणा शुरू हुई, हॉल में मौजूद लोगों में उत्सुकता का माहौल बन गया। एडीए के अध्यक्ष जिला कलेक्टर लोकबंधु ने कहा कि यह योजना अजमेर के विकास एवं विस्तार में मिल का पत्थर का साबित होगी, उन्होंने कहा कि 2017 के बाद इस आवासीय योजना की लॉटरी निकाली गई। इस आवासीय योजना का अजमेर वासियों को बेसब्री से इंतजार था।

अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारी सूर्यकांत शर्मा, प्रवीण कुमार, वित्तीय अधिकारी प्रतिभा चूंडावत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एडीए आयुक्त नित्या के ने बताया कि रेरा में रजिस्ट्रेट अटल आवासीय योजना में 2530 आवेदन पत्र प्राप्त हुए तथा योजना के तहत कुल 191 भूखंडों के लिए लॉटरी निकाली जानी थी, लेकिन कुछ श्रेणियों में आवेदनों की संख्या अपेक्षित संख्या से कम होने के कारण, 176 भूखंडों के लिए ही सफल आवेदकों का चयन किया गया। जिन आवेदकों के नाम लॉटरी में निकले, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कई सालों से अपने घर के सपने को संजोए इन परिवारों के लिए यह वाकई एक ऐतिहासिक क्षण था।

विभिन्न श्रेणियों के प्राप्त आवेदनों का विवरण- ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 787, एलआईजी वर्ग में 733, एम.आई.जी-ए में 503, एम.आई.जी.-बी में 363 तथा एच.आई.जी. श्रेणी में 144 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

श्रेणीवार आरक्षित दरों का किया निर्धारण- एडीए ने योजना की आरक्षित दर 16 हजार 227 रुपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित की है। साथ ही विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षित दरों का निर्धारण भी किया है। इस दौरान लॉटरी प्रक्रिया में एनआईसी सेंटर का महत्वपूर्ण योगदान रहा और एनआईसी सेंटर प्रभारी अधिकारी तेजा सिंह रावत सहित अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारी सूर्यकांत शर्मा, प्रवीण कुमार, वित्तीय अधिकारी प्रतिभा चूंडावत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

नन्हे मुन्ने बच्चों को गणवेश भेंट

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा अजमेर के पहाड़गंज क्षेत्र के स्लम एरिया में संचालित शिव कॉलोनी आंगनवाड़ी में शिक्षा के साथ संस्कार ठाहण करने के लिए आने वाले 21 जरूरतमंद परिवार के बच्चो के लिए गणवेश की सेवा भेंट की गई। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने बताया कि समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु अतुल पाटनी एवं अन्य भामाशाहों के सहयोग से एवं कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन रेवासिया को वस्त्र की सेवा प्रदान की गई जिसे स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता के कर कमलों से बच्चों के अभिभावकों के सम्मुख वितरण की जाएगी।

अपवंचन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान

भीलवाड़ा। अपवंचन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत , जयपुर ज़ोनल यूनिट द्वारा रत्नाकर ठाुप, जयपुर के विभिन्न व्यापारिक परिसरों, फैक्ट्रियों एवं गोदामों पर एक साथ सघन छापेमारी की गई। भीलवाड़ा के हुई अब तक की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि रत्नाकर ठाुप द्वारा लगभग 45 करोड़ की कर चोरी की गई है, जो आगे की कार्यवाही में और अधिक हो सकती है। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि रत्नाकर ठाुप ने पहले से कुख्यात महावीर ट्रेडिंग कंपनी से फर्जी बिलिंग एवं गुप्त क्लियरेंस की सेवाएँ प्राप्त की थीं, जिनके माध्यम से वास्तविक माल की आपूर्ति को छिपाया गया तथा नकली चालानों के सहारे माल का क्लैडेस्टाइन ट्रांसपोर्ट किया गया। यह उल्लेखनीय है कि , जयपुर द्वारा पूर्व में महावीर ट्रेडिंग कंपनी सिंडिकेट के विरुद्ध 706 करोड़ की कर चोरी का मामला दर्ज कर 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें जाली , नकली बिल, हवाला ट्रांजैक्शन और बिना ई-वे बिल के माल परिवहन जैसी गंभीर अनियमितताएँ पाई गई थीं। इस छापे में शंकर लाल चौधरी (निदेशक, रत्नाकर ठाुप) तथा उनके सहयोगियों से पूछताछ की जा रही है।

नला बाजार के व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद रख जताया रोष

अजमेर, (कासं)। दरगाह थाना पुलिस की कार्यशैली से नाराज ख्वाजा साहब की दरगाह से सटे नला बाजार के व्यापारियों ने गुरुवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर रोष जताया। व्यापारियों का कहना रहा है कि बुधवार देर रात्रि 8 बजे पुलिसकर्मियों द्वारा दुकानों के आगे से सामान हटाना शुरू करवा दिया और चेतावनी दी की दुकान के बाहर सामान नहीं निकाले। पुलिस की इस कार्यशैली से व्यापारियों में रोष बढ़ गया। व्यापारियों ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई, फुटपाथ पर बाजार लगाने वाले को हटाने और ई-रिक्शा चालकों का बाजार प्रवेश बंद करने की मांग को लेकर अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद दुकानें खोली गई।

दरगाह सीओ और व्यापारिक महासंघ के बीच हुई वार्ता:

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव के नेतृत्व में नला बाजार के व्यापारियों ने निजी होटल में दरगाह पुलिस उप अधीक्षक लक्ष्मणराम के साथ संयुक्त वार्ता में हुई, जिसमें बताया कि 12अगस्त को रीट कार्यालय के सभागार में जिला सीएलजी एवं जिला शान्ति समिति के मीटिंग में कलेक्टर लोक बंधु, एसपी वंदिता राणा, एडीएम सिटी गजेन्द्र सिंह राठौड, एएसपी ठामीण दीपक कुमार की उपस्थित में दरगाह थाने से सदस्य योगेश शर्मा ने बताया कि दरगाह बाजार में दुकाने बन्द हो जाने के पश्चात फुटपाथ पर बाजार चालू हो जाता है, उसके समस्त बाहरी लोग होते है और अनेक प्रकार के अवैध कारोबार होते है।

इसके पश्चात 18 अगस्त को कार्यवाही नहीं होने की बात सीएलजी ठाुप में पोस्ट की। इससे दरगाह पुलिस ने निशाना बनाकर नला बाजार के व्यापारियों पर ही कार्यवाही करना प्रारम्भ किया, रात्रि में अनेक व्यापारियों का समान उठ ले गए, एक व्यापारी को थाने ले गए, इससे आक्रोशित व्यापारियों ने बुधवार रात को ही अपने प्रतिष्ठान बंद नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और दूसरे दिन गुरुवार सुबह से ही दुकानें बंद रख कर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रतिनिधि मंडल से वार्ता की जिसमें महासंघ ने पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के नाम सीओ को देते हुए मांग की कि मदार गेट से ई-रिक्शा प्रवेश बन्द हो, रात्रि में थडी मार्केट को बन्द किया जाए और दुकानदारों को प्राचीन समय से दो फुट पर रखी जाने वाली सामठी को जारी रखा जाए। सीओ लक्ष्मणराम ने रात्रि की कार्यवाही को अनुचित बताया और तीनो मांगो को मानते हुए दुकाने खोलने का अनुरोध किया, जिस पर महासंघ ने बाजारो को दोपहर एक बजे दुकाने खोलने का निर्णय लिया गया।

फुटपाथ बाजार और ईरिक्शा के प्रवेश पर रोक:

अजमेर श्री व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र बंसल ने बताया कि लंबे समय से दरगाह बाजार और नला बाजार के व्यापारी परेशान है। फुटपाथ पर बाजार लगाने वाले असामाजिक तत्व व्यापारियों से कभी-कभी लड़ाई झगड़ा भी कर लेते हैं।

मना करने पर मरने पर उतारू हो जाते हैं। ई-रिक्शा चालकों का बाजार में आतंक लगा हुआ है। व्यापारियों की सिर्फ यही मांग है कि रात में लगने वाली थडियों को हटाया जाए, ई-रिक्शा चालकों को बाजार में प्रवेश नहीं दिया जाए और दरगाह थाना पुलिस पर कार्रवाई की जाए।

भीलवाड़ा की स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई दिशा

भीलवाड़ा। राजस्थान सरकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (ठाुप-2) के आदेशानुसार आरसीएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), भीलवाड़ा का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। अब वे अपने नियमित दायित्वों के साथ जिले की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कमान भी संभालेंगे। कार्यभार प्रपत्रों पर लेखाधिकारी (एनएचएम) प्रेम प्रकाश भाम्भी द्वारा हस्ताक्षर कराकर डॉ. शर्मा को सीएमएचओ का कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीडीडब्ल्यूएच डॉ. अशोक खटवानी, डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया, डीपीएम योगेश वैष्णव, प्रशासनिक अधिकारी विश्वनाथ शर्मा, अति. प्रशासनिक अधिकारी अजिता के.के., सहायक प्रशासनिक अधिकारी हेमेन्द्र सिंह गौड, व.स. भावना जैन, क.स. नूर मोहम्मद सहित कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्य सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ श्वेत क्रांति सहकार महाकुंभ 24 को

- गहलोत, पायलट, रंधावा, डोटासरा व जूली करेंगे शिरकत
- चौधरी ने बताया कि प्रदेशभर से लगभग 25 हजार किसान व पशुपालक महाकुंभ में भाग लेंगे। प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना की बकाया राशि 320 करोड़ का तत्काल भुगतान जारी करने, मिड डे मील योजना की बकाया राशि 1320 करोड़ का भुगतान किया।

अजमेर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना, मिड डे मील भुगतान सहित सहकारिता क्षेत्र की विभिन्न मांगों पर लंबे समय से उदासीन रवैया अपनाने से किसानों और दुग्ध उत्पादकों को गंभीर संकट झेलना पड़ रहा है। सरकार की हठधर्मिता के विरोध में 24 अगस्त को अजमेर के कच्छावा गार्डन पशु आहार केंद्र तबीजी में श्वेत क्रांति सहकार महाकुंभ अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में होगा।

अजमेर सरस डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि 24 अगस्त को श्वेत क्रांति महाकुंभ दोपहर 12:15 बजे से शुरू होगा। इस महाकुंभ में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांठोस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश कांठोस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भाग लेंगे। साथ ही राष्ट्रीय महिला कांठोस अध्यक्ष अलका लाम्बा, प्रदेश महिला कांठोस अध्यक्ष सारिका सिंह, प्रदेशभर के जिला दुग्ध संघों के अध्यक्ष, सचिव, किसान, पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक भी शामिल होंगे।

चौधरी ने बताया कि प्रदेशभर से लगभग 25 हजार किसान व पशुपालक महाकुंभ में भाग लेंगे। प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना की बकाया राशि 320 करोड़ का तत्काल भुगतान जारी करने, मिड डे मील योजना की बकाया राशि 1320 करोड़ का भुगतान करने, अतिवृष्टि प्रभावित किसानों पशुपालकों को राहत फसल बीमा राशि जारी करने, चारा अनुदान पूर्ववर्ती कांठोस सरकारों की तर्ज देने, डेयरी को कृषि क्षेत्र का दर्जा देने, लंबित भर्ती प्रक्रिया शुरू कर लगभग 2 हजार 500 पदों की भर्ती करने, इंडियन डेयरी सर्विस कैडर की स्थापना की तर्ज पर युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध कराने, लावारिस सांडों की समस्या का समाधान किसानों को सेक्स सॉर्टड सीमन निशुल्क उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख है।

चौधरी ने प्रदेशभर के जनप्रतिनिधियों, जिला दुग्ध संघों, सहकारी समितियों, महिला पशुपालकों और युवाओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस महाकुंभ में भाग लेकर किसानों की आवाज को बुलंद करें और सरकार को जगाने में सहयोग करें। प्रेसवार्ता में कांठोस शहर अध्यक्ष विजय जैन, नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली, पूर्व विधायक गोपाल बाहेती, जय शंकर चौधरी उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने किया पांच सौ पौधों का वितरण

अजमेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि स्वस्थ मानव जीवन के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए एवं उसकी देखभाल करनी चाहिए।

कांग्रेस नेता रलावता ने गुरुवार को कांठोस ओबीसी विभाग द्वारा हरा.भरा अजमेर मुहिम के अंतर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम में औपचारिक बातचीत कर रहे थे, उन्होंने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण संतुलन एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम संयोजक प्रदेश कांठोस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन एवं शहर जिला अध्यक्ष सतीश वर्मा बताया कि प्रदेश कांठोस कमेटी के सदस्य एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांठोस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह सलावता के नेतृत्व में हरा भरा अजमेर कार्यक्रम के अंतर्गत 500 छायादार एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया। कांठोस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर पेड़ की देखभाल की जिम्मेदारी ली।

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ/भवन/25-26/221 आपत्ति सूचना दिनांकः 19/08/2025

श्री यश पर्वानी पुत्र श्री दौलत कुमार पर्वानी निवासी 34 जीवनदीप कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 12/98 पुराना 18/68 नया भाग है जो वाके मून्दड़ी मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 42.86 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व : उक्त ए.एम.सी. के भाग की सम्पति पश्चिम : सम्पति श्रीमती उषा परवानी की व चौक
उत्तर : सम्पति श्रीमती उषा पारवानी की दक्षिण : गली आम है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ/भवन/25-26/223 आपत्ति सूचना दिनांकः 19/08/2025

श्रीमती आशा पर्वानी पत्नि श्री दौलत कुमार पर्वानी निवासी 34 जीवनदीप कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 12/98 पुराना 18/68 नया का पूर्वी भाग है जो वाके मून्दड़ी मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 30.48 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : निवास सम्पति श्रीमती शालिनी गर्ग की पश्चिम : उक्त ए.एम.सी. नं. की भाग सम्पति अन्य की
उत्तर : निवास सम्पति श्री सुरेश गर्ग की दक्षिण : गली आम है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ/भवन/25-26/222 आपत्ति सूचना दिनांकः 19/08/2025

श्री दौलत कुमार पर्वानी पुत्र स्व. श्री नारायण दास पर्वानी निवासी 34 जीवनदीप कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 12/98 पुराना 18/68 नया भाग है जो वाके मून्दड़ी मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 30.70 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : अन्य की सम्पति पश्चिम : उक्त ए.एम.सी. नं. के भाग की सम्पति
उत्तर : सम्पति श्री सुरेश गर्ग दक्षिण : गली आम है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की काश्त योजना के आवासीय/व्यावसायिक खसरा संख्या 3074, भूखण्ड संख्या 14 क्षेत्रफल 175 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री राजकुमार रावत पुत्र श्री लक्खीराम जी निवासी अजमेर एवं श्रीमती रश्मि पत्नि श्री राजकुमार रावत निवासी अजमेर में से श्रीमती रश्मि की मृत्यु दिनांक 11/02/2012 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्री राजकुमार पुत्र श्री लक्खीराम जी निवासी अजमेर, विवेक पुत्र श्री राजकुमार रावत निवासी अजमेर रोनक पुत्री श्री राजकुमार रावत निवासी अजमेर तनिष्क पुत्र श्री राजकुमार रावत निवासी अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

- योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल रोड, विधिक शाईला, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अ.वि.प्रा./ए-6/भण्डार/2025/एफ-230/ला.का. 26549/राजकाज 17238515 दिनांक :- 20/08/2025

ई-निविदा सूचना संख्या : 05/2025.26 (भण्डार)

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर कार्यालय वित्तिय वर्ष 2025-26 के अर्न्तगत अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से "एच शिड्यूल" में वर्णित स्पेसिफिकेशन अनुसार प्राधिकरण की ओर से अनुभवी व रजिस्टर्ड ठेकेदार/संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/ada व sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

UBN No. : AJD2526SSOB00104

राज.संवाद/सी/25/8503 प्रभारी अधिकारी (भण्डार)

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला - अजमेर (राज)

क्रमांक / नपकि / विकास / 2025 / 1633 दिनांक 18.08.2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 14/2025-2026

नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार निर्धारित श्रेणी सिविल कार्यो में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 21.08.2025 को 09:00 एम से तथा प्राप्त करने की अन्तिम दिनांक 03.09.2025 को 06:00 पीएम तक एवं निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2526A4838

आयुक्त
नगर परिषद, किशनगढ

राज.संवाद / सी / 25 / 8537

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र ललित कुमार चौहान के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका, उसकी माता एवं उसके पिता का नाम गलत दर्ज है दस्तावेजों में उसका नाम LALIT CHAUHAN उसकी माता का नाम RAJU DEVI एवम् उसके पिता का नाम SHRI CHAND दर्ज है जो कि गलत है जबकि वास्तव में तीनों के वास्तविक नामों में मेरे पुत्र का नाम LALIT KUMAR CHAUHAN उसकी माता का नाम RAJ KUMARI एवं पिता का नाम SHRICHAND अत: भविष्य में सभी आवश्यक कार्यों के लिए इन तीनों को इन्हीं नामो से जाना पहचाना जाए। श्रीचंद पुत्र मदन लाल, हिराई बास, तह. डीडवाना जिला डीडवाना... कुचामन।

आम सूचना

मेरे पक्षकार चंद्रप्रकाश दाधीच पुत्र श्री गिरधर लाल दाधीच एवं ऊषा दाधीच पत्नि श्री चंद्रप्रकाश दाधीच निवासीगण केकड़ी की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त पक्षकारान के तीन पुत्र क्रमशः अतुल दाधीच, अमित दाधीच, अभिषेक दाधीच सभी वयस्क हैं। जो कि विगत दस वर्षों से मेरे पक्षकारान से अलग रहते हैं तथा अपना अलग-अलग व्यवसाय करते आ रहे हैं।अतः मेरे उपरोक्त पक्षकारान के उक्त तीनों ही पुत्रों के किसी भी प्रकार के लेन-देन, लाभ-हानि या व्यवसायिक संव्यवहार की किसी भी प्रकार की कोई भी जिम्मेदारी या दायित्व मेरे पक्षकारान का नहीं होगा। -सूचित रहे। जरिये-राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट केकडी, मो. 9414004911 मिन जानिब चन्द्रप्रकाश दाधीच एव